हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

[illegible]

मचेगा आईपीएल का धमाल

बरेली। क्रिकेट के दीवानों को इस बार बरेली में आईपीएल के असली रोमांच का मजा मिलेगा। आईपीएल की इवेंट टीम दो दिनों तक लोगों को विशालकाय स्क्रीन पर लाइव मैच दिखाएगी। बरेली में आईपीएल फैन पार्क बनाया जाएगा।

आईपीएल को इस बार 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं। ऐसे में बीसीसी आई छोटे-छोटे शहरों में भी आईपीएल मैच लाइव दिखाने जा रही है। बरेली में 29 और 30 अप्रैल को लोग विशालकाय स्क्रीन पर इनका मजा ले सकेंगे। इसके लिए एसआरएमएस या बरेली क्लब के मैदान पर आईपीएल फैन पार्क मनाया जाएगा। इसमें लोगों को फ्री एंट्री मिलेगी। पार्क में ऊंचे स्टेज पर विशालकाय स्क्रीन लगाई जाएगी। इसके साथ ही वीआईपी लॉज, स्पॉन्सर एरिया, किड्स एरिया आदि भी बनाया जाएगा। मैदान पर एक बॉल ऑफ फेम भी बनाई जाएगी। आईपीएल में खिलाड़ियों की तस्वीरें लगाई जाएंगी। जिम्मेदारी क्रिकेट कोच मनीष सिंह को दी गई है। गुरुवार को इवेंट टीम बरेली आ रही है। तभी जगह फाइनल होगी।